
# खास-खबरें

## गंजबासौदा की दो बेटियों ने बढ़ाया गौरव, वाणी कजाखिस्तान तो महिमा पहुंचीं हांगकांग



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** गंजबासौदा की दो प्रतिभाशाली छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एनसीसी कैडेट वाणी राठौर का चयन राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के प्रतिष्ठित यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम-2026 के तहत कजाखिस्तान यात्रा के लिए हुआ है, जबकि पूर्व छात्रा महिमा दांगी 16वें एशियन साइंस कैंप में भाग लेने के लिए हांगकांग पहुंच गई हैं। मध्यप्रदेश 4 बटालियन एनसीसी की कैडेट वाणी राठौर का चयन उत्कृष्ट प्रदर्शन, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन के आधार पर हुआ है। वह 31 जुलाई से दिल्ली में प्रशिक्षण ले रही हैं और 10 अगस्त को कजाखिस्तान के लिए रवाना होंगी। वहां 16 अगस्त तक भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं, मध्यप्रदेश स्टेट मेरिट में स्थान प्राप्त कर चुकी महिमा दांगी का चयन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 16वें एशियन साइंस कैंप के लिए किया गया है। यह शिविर 2 से 8 अगस्त तक यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग में आयोजित हो रहा है। भारत से चयनित 20 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में महिमा भी शामिल हैं। इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## रायसेन में शुक्रवार से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान, औबेदुल्लागंज से होगी शुरुआत

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जिले में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 का शुभारंभ शुक्रवार, 7 अगस्त से औबेदुल्लागंज में होगा। जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित एनआरएलएम भवन में सुबह 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी सहित जिला स्तरीय अधिकारी शामिल होंगे। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण और जन-संवाद के माध्यम से आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी तथा लोक सेवाओं का समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत प्रत्येक विकासखंड में क्लस्टर स्तर तक भ्रमण कार्यक्रम तय किए जाएंगे और जन-संवाद के दौरान प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण किया जाएगा।

## संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए सेंट एसआरएस स्कूल के तीन खिलाड़ी चयनित




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** मध्यप्रदेश शासन के खेल विभाग द्वारा आयोजित शालेय खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के तीन विद्यार्थियों का संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में हर्षित लोधी (कक्षा 12), माधव श्रीवास्तव (कक्षा 9) और तेजस्विनी मलैया (कक्षा 8) शामिल हैं। हाल ही में नगर के डॉल्फिन विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में तीनों खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया। संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन सीहोर में किया जाएगा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें तथा उनके कोच कपिल गौड़ को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छ परिसर अभियान में दिया संदेश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** स्थानीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. अहिरवार के मार्गदर्शन में तथा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विनिता प्रजापति के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने पूरे महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई करते हुए प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर उनका उचित निस्तारण किया गया। कैडेट्स ने परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया तथा स्वच्छता के महत्व के प्रति छात्राओं और महाविद्यालय परिवार को जागरूक किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विनीता प्रजापति ने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य केवल सैन्य प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है।

## चकल्दी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ का संकट, एक नर्सिंग ऑफिसर के भरोसे चल रही स्वास्थ्य सेवाएं

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** क्षेत्र के चकल्दी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। 24 घंटे संचालित होने वाले इस केंद्र में वर्तमान में केवल एक नर्सिंग ऑफिसर के भरोसे काम चल रहा है, जिससे आसपास के दर्जनों गांवों के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार अस्पताल में डॉक्टर, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, ड्रेसिंग ऑफिसर और कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अधिकांश पद रिक्त हैं। पर्याप्त स्टाफ नहीं होने के कारण मरीजों को इलाज के लिए भैरूंदा और रेहटी के सिविल अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। जनपद पंचायत भैरूंदा की शिक्षा, कृषि एवं जैव विविधता समिति के सदस्य धर्मेंद्र सिंह पंवार (गोलूभैया) ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी से सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं की गई तो वे स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत करेंगे।

## वरिष्ठ शिक्षक नाथूराम रिछारिया के निधन पर शोक, विभिन्न वर्गों ने दी श्रद्धांजलि



**बरेली।** सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार संतोष रिछारिया के पूज्य पिता नाथूराम रिछारिया का गुरुवार ब्रह्ममुहूर्त में निधन हो गया। उनके निधन से बरेली सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पत्रकार, समाजसेवी और नगरवासी उनके निवास पहुंचे तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन पर राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व मंत्री ठाकुर जसवंत सिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, पत्रकार संगठनों और समाजजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# पेयजल व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं समय पर पूरे करें सभी कार्य : कलेक्टर

- जल निगम एवं पीएचई विभाग के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा
- जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित




**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा संचालित नल-जल एवं समूह जलप्रदाय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के किसी भी नागरिक को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े तथा पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कार्यों में अनावश्यक देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पीएचई विभाग के अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने सहित अन्य आवश्यक कार्यों को बिना उचित कारण लंबित रखना ठीक नहीं है। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई के बाद उन्हें ऐसे ही न छोड़ा जाए, बल्कि तत्काल मरम्मत कराई जाए। उन्होंने कहा कि सड़कें खराब होने से आमजन को परेशानी होती है और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ती है। ऐसी लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में जिले के 1024 ग्रामों के लिए संचालित नल-जल योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार 332 स्वीकृत एकल नल-जल योजनाओं में से 321 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 11 योजनाएं प्रगतिरत हैं। माह अगस्त 2026 में सीहोर एवं आष्टा विकासखण्ड की 10 प्रगतिरत एकल नल-जल योजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार इन योजनाओं का कार्य समयसीमा में पूर्ण कर ग्रामीणों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा संचालित समूह जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि मरदानपुर समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत 160 ग्रामों में योजना का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण है तथा जलप्रदाय प्रारंभ हो चुका है। वहीं आष्टा-रानीपुरा समूह जलप्रदाय योजना में सम्मिलित 719 ग्रामों में योजना की समग्र भौतिक प्रगति 76.01 प्रतिशत है। योजना के अंतर्गत 593.36 किलोमीटर क्लियर वॉटर पंपिंग मेन, 682.19 किलोमीटर क्लियर वॉटर ग्रेविटी मेन तथा 1599.64 किलोमीटर जल वितरण नलिकाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही 20 हजार 372 घरेलू नल कनेक्शन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 103.01 किलोमीटर रोड रेस्टोरेशन का कार्य भी पूरा किया गया है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में नियमित एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी योजनाओं की सतत निगरानी की जाए। अधिकारी जलशोधन संयंत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण जल संरचनाओं का नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि आमजन को शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो। उन्होंने जल कर की वसूली समय पर सुनिश्चित करने तथा बकाया जल कर की वसूली के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्षिक जल संग्रहण एवं जल उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा करते हुए जल संरक्षण की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाने को कहा।

## गांजे की खेती और चरस बनाने वाले आरोपी को 15 साल की जेल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** समाज और विशेषकर युवाओं की रगों में नशे का जहर घोलने वाले ड्रग तस्करों के खिलाफ न्यायालय ने कड़ा संदेश दिया है। फसलों की आड़ में गांजे की अवैध खेती करने और घर के भीतर चरस तैयार करने वाले ग्राम टिटवास शुजालपुर निवासी आरोपी अर्जुन मीणा को शाजापुर की विशेष एनडीपीएस कोर्ट ने गुरुवार को दोषी करार दिया। विशेष सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस) ने आरोपी को 15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 1 लाख 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इसके अलावा संबंधित अन्य प्रावधानों में उसे 1 वर्ष की अतिरिक्त सजा और 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

**मुखबिर की सूचना पर हुआ था भंडाफोड़:** लोक अभियोजक महेन्द्र सिंह परमार ने बताया कि यह कार्रवाई 10 मार्च 2023 को की गई थी। शुजालपुर सिटी पुलिस को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली थी कि अर्जुन मीणा अपने खेत में सामान्य फसलों के बीच अवैध रूप से गांजे की खेती कर रहा है और उसने घर में भारी मात्रा में चरस छिपा रखी है। इस पुख्ता सूचना के आधार पर तत्कालीन उपनिरीक्षक विजय खत्री ने पुलिस बल और पंच साक्षियों को साथ लेकर आरोपी के ठिकाने पर अचानक दबिश दी थी।

पुलिस की सघन तलाशी के दौरान खेत से एक से तीन फीट ऊंचाई वाले गांजे के 20 पौधे बरामद किए गए। इसके बाद जब पुलिस ने खेत पर ही बने मकान की तलाशी ली, तो वहां एक कमरे में पलंग के नीचे प्लास्टिक की थैली में छिपाकर रखे गए चरस के लड्डू बरामद हुए। जब्त किए गए इस मादक पदार्थ का कुल वजन 7 किलो 400 ग्राम था। पुलिस ने तुरंत माल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया।

इस प्रकरण का प्रभावी अनुसंधान तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ शर्मा द्वारा किया गया। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने मजबूत साक्ष्य और गवाहों के माध्यम से आरोपों को सिद्ध किया। न्यायालय ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को किसी भी तरह की रियायत न देते हुए 15 वर्ष के कठोर कारावास और जुर्माने की यह सख्त सजा सुनाई है।

## शिव महापुराण समापन पर हुआ माता-पिता पूजन, युवा पीढ़ी को दिया सम्मान का संदेश




**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** बाग मुगलिया स्थित श्री राम-जानकी मंदिर में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन श्रद्धा और भावनात्मक माहौल में हुआ। समापन अवसर पर संस्कार सेना के सहयोग से माता-पिता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बुजुर्गों का सम्मान किया।

कथावाचक पंडित सुनील तिवारी महाराज ने भगवान गणेश की उत्पत्ति का प्रसंग सुनाते हुए युवा पीढ़ी को माता-पिता के सम्मान और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने संकल्प लिया कि जहां भी उनकी कथा होगी, वहां एक दिन माता-पिता पूजन का कार्यक्रम अवश्य आयोजित किया जाएगा।

संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े ने कहा कि माता-पिता का सम्मान भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मुख्य सचिव अलका धुर्वे, जिला अध्यक्ष राजेंद्र नाईक, जिला उपाध्यक्ष सुभाष यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज पाराशर सहित संस्था के पदाधिकारियों ने कथावाचक एवं आयोजन समिति का सम्मान किया।

समापन समारोह में भजन-कीर्तन और माता-पिता पूजन के दौरान भावुक माहौल देखने को मिला। आयोजन समिति की प्रमुख कामिनी श्रीवास्तव सहित महिला मंडल के सदस्यों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। आगामी शिव महापुराण कथा 9 अगस्त से सिद्धेश्वर धाम शिव मंदिर, आसाराम नगर, भोपाल में आयोजित होगी।

## आज किया जाएगा सीहोर से महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा का श्रीगणेश

**सीहोर।** क्षेत्र में अच्छी बारिश और जनकल्याण की मंगल कामना और खुशहाली को लेकर महाकाल सेवा संकल्प समिति और करणी सेना परिवार के तत्वाधान में पदयात्रा शुक्रवार को सुबह नौ बजे शहर के प्राचीन गणेश मंदिर से पूर्ण विधि-विधान से महाकाल उज्जैन प्रारंभ होगी। करीब 160 किलोमीटर से अधिक पदयात्रा की जाएगी। रात्रि सात बजे पदयात्रा जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचेगी, इसके बाद यात्रा कोठरी जाएगी। पिछले चार सालों से महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा निकाली जा रही है। यात्रा शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से आरंभ होगी जो शुगर फैक्ट्री माता मंदिर, त्यागी बाबा आश्रम, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कालका मंदिर पान चौराहा, छावनी स्थित सब्जी मंडी श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, मनकामेश्वर महादेव मंदिर, गंगेश्वर महादेव मंदिर नदी चौराहा, कुबेरेश्वर महादेव मंदि, जताखेड़ा, अमलाहा और कोठरी के पश्चात देवास में माता तुलजा भवानी के दर्शन आदि होते हुए उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेगी।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में स्कूली बच्चों की सुरक्षा और यातायात सुधार पर दिया बल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर समीक्षा की गई।

विदिशा नगरीय क्षेत्र में नवीन पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों के शीघ्र मरम्मत, जिला न्यायालय के सामने एवं शहर के प्रमुख चैराहों पर रंबल स्ट्रिप, रोड मार्किंग, साइन बोर्ड एवं कॉशन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। यातायात पुलिस द्वारा ऑटो चालकों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप जाली एवं गेट लगाने के लिए लगातार समझाइश दी जा रही है। वाहन जांच अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था नहीं पाए जाने पर 55 ऑटो चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 27,500 रु. का शमन शुल्क वसूल किया गया।

नगर पालिका एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सड़क पर अवैध रूप से खड़े हाथ ठेलों तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। अतिक्रमण हटाते हुए 1 लाख 97 हजार रु. का जुर्माना वसूला गया। सड़क किनारे एवं बीच सड़क पर ठेले और गुमठियां लगाकर व्यापार करने वालों के विरुद्ध अब तक लगभग 350 प्रकरण दर्ज कर करीब 2 लाख रु. का जुर्माना वसूला गया है।

बैठक में कुरवाई से महलुआ चैराहा मार्ग पर ओवरलोड वाहनों की रोकथाम के लिए एनएचएआई को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। संकीर्ण पुलियों से 500 मीटर एवं 100 मीटर पहले चेतावनी संकेतक लगाने, दुर्घटना संभावित स्थलों पर पूर्व दुर्घटनाओं का चित्रण करने वाले बड़े फ्लेक्स लगाने तथा सभी निर्माण एजेंसियों को आवश्यक संकेतक स्थापित करने के निर्देश दिए गए। स्पीड ब्रेकर मानकों के अनुरूप बनाए जाने एवं एनएचएआई के सभी निर्माण कार्यों में उचित डायवर्सन और संकेतकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

**हाईमास्ट लाइट और ऑटो स्टैंड चिन्हांकनः** प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित स्थानों, विशेष रूप से कुआंखेड़ी चैराहे पर हाईमास्ट लाइट स्थापित की जाएगी। नगरीय क्षेत्र में ऑटो रिक्शा के लिए स्टैंड निर्धारित करने हेतु मुख्य बाजार एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वे कर उपयुक्त स्थान चिन्हित किए जा रहे हैं। बैठक में नगर पालिका एवं यातायात पुलिस को संयुक्त रूप से नगर सीमा में भारी वाहनों के प्रवेश को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिन मैरिज गार्डनों में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से यातायात बाधित हो रहा है। बैठक में जानकारी दी गई कि जनवरी से जून 2026 तक बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में कुल 8,591 चालान बनाए गए। इन कार्रवाइयों के तहत 33 लाख 58 हजार 650 रु. की शमन शुल्क राशि वसूल की गई।

## अभा मारवाड़ी महिला मंडल के तत्वावधान में सावन मेले में सजे 43 स्टॉल, बिखेरे हुनर के रंग




**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल के तत्वावधान में शहर के स्वर्णकार समाज मंदिर परिसर में एक दिवसीय भव्य सावन मेले का आयोजन किया गया। मेले में महिलाओं और युवतियों ने विभिन्न प्रकार के चटपटे व्यंजन, आकर्षक राखियां, गिफ्ट आइटम, ज्वेलरी, कलात्मक वस्तुओं और नवाचार से जुड़े लघु उद्योग उत्पादों के स्टॉल लगाए। करीब 43 स्टॉल सजाए गए, जहां दिनभर शहरवासियों की भीड़ उमड़ती रही।

सावन मेले में खरीदारी के साथ विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिताएं और मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। वहीं संगीत की मधुर लहरियों ने मेले के माहौल को और खुशनुमा बना दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने मेले में पहुंचकर चटपटे व्यंजनों का आनंद लिया तथा विभिन्न स्टॉलों से खरीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी सोनम प्रिंस राठौर एवं मारवाड़ी महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू शैलेष अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने भगवान की आरती के साथ किया।

**महिला सशक्तिकरण के लिए ऐसे आयोजन जरूरी-सोनल राठौर?:** इस अवसर पर सोनल प्रिंस राठौर ने कहा कि महिलाओं के हुनर और प्रतिभा को सामने लाने के लिए इस प्रकार के आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उनके भीतर छिपी प्रतिभा को बाजार उपलब्ध कराने में ऐसे मेले महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल घर तक सीमित न रखते हुए उन्हें अपने हुनर को व्यवसाय के रूप में आगे बढ़ाने के अवसर मिलना चाहिए। सावन मेला महिलाओं को अपनी कला, पाक-कौशल और रचनात्मकता को लोगों तक पहुंचाने का एक अच्छा मंच प्रदान कर रहा है।

## दो घंटे की मूसलधार बारिश से मौसम सुहाना फसलों को मिली राहत

**गंजबासौदा।** क्षेत्र में गुरुवार शाम करीब दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश से मौसम सुहाना हो गया। तेज बारिश के कारण कई सड़कों पर पानी भर गया और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई।

लगातार करीब आठ दिन तक बारिश नहीं होने से खेतों में खड़ी फसलें मुरझाने लगी थीं और किसानों की चिंता बढ़ गई थी। गुरुवार की बारिश से फसलों को संजीवनी मिली है, जिससे किसानों के चेहरों पर राहत और खुशी दिखाई दी। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अब तक क्षेत्र में 522 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 652 मिमी बारिश हो चुकी थी। किसानों का कहना है कि समय पर हुई इस बारिश से खरीफ फसलों की बढ़वार में मदद मिलेगी और उत्पादन पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## पुलिस एवं सुरक्षा बल संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** पुलिस पेंशनर संघ मध्यप्रदेश के नेतृत्व में गुरुवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने गांधी चौराहे पर प्रदर्शन कर पुलिस एवं सुरक्षा बलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस एवं सुरक्षा बल संरक्षण अधिनियम (प्रोटेक्शन एक्ट) लागू करने की मांग उठाई। इस संबंध में प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री तथा सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के नाम ज्ञापन कलेक्टर के प्रतिनिधि तहसीलदार को सौंपा गया।

प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह परिहार ने कहा कि हाल में नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस एवं सुरक्षा बलों पर हमले हुए, जिनमें कई जवान घायल हुए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और भविष्य में आंदोलनों के दौरान असामाजिक तत्वों की घुसपैठ रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था की मांग की।

ज्ञापन में पुलिस एवं सुरक्षा बलों की सुरक्षा के लिए सख्त कानूनी प्रावधानों वाला संरक्षण अधिनियम लागू करने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस पेंशनर संघ, दशपुर जागृति संगठन, विप्र परिषद सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

**स्पेशल खबर** 30 किलो चांदी, 25 ग्राम सोना लेकर भागे 3 नकाबपोश

# सर्राफा कारोबारी को गोली मारकर 30 किलो चांदी व 25 ग्राम सोने गहने लूट ले गए नकाबपोश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** जिले में बुधवार देर शाम बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने सर्राफा कारोबारी को गोली मार दी। बदमाश कारोबारी और उनके बेटे से करीब 30 किलो चांदी, करीब 30 ग्राम सोना, 25 हजार रुपये नकद और आभूषणों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

शमशाबाद पुलिस के मुताबिक, घायल व्यापारी संजय सोनी रायसेन गेट विदिशा के रहने वाले हैं। वारदात के समय उनके साथ बेटा यश सोनी भी था। गोली कारोबारी के बाएं हाथ में लगी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल सर्राफा व्यापारी संजय सोनी ने बताया कि बुधवार को पीपलधार के साप्ताहिक हाट बाजार में आभूषणों का व्यापार करने के बाद वे बाइक से विदिशा लौट रहे थे। शाम करीब 6:30 बजे पीपलधार और पट्टन गांव के बीच विदिशा रोड पर तीन बाइक सवार बदमाश उनका पीछा करने लगे।

संजय सोनी और उनके बेटे के मुताबिक, बदमाशों ने पहले बैग छीनने की कोशिश की। इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद बदमाश लौटे और बैग छीनने लगे। विरोध करने पर एक बदमाश ने संजय सोनी पर गोली चला दी। वारदात के बाद आरोपी बैग लेकर फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। राहगीरों ने संजय सोनी और यश सोनी को शमशाबाद अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।



संजय सोनी के अनुसार, बैग में 10 से 15 किलो चांदी के आभूषण, करीब 20 ग्राम सोना, 25 हजार रुपए नकद और व्यापार से जुड़े जरूरी दस्तावेज थे। वहीं, यश सोनी का दावा है कि बैग में 25 से 30 किलो चांदी, 25 से 30 ग्राम सोना और अन्य सामान था। करीब 70 लाख रुपये की लूट है।

यश सोनी ने बताया कि तीनों बदमाश योजना बनाकर आए थे। एक ने मास्क पहना था, दूसरे ने सफेद तौलिये से चेहरा ढका था, जबकि लाल शर्ट पहने बदमाश ने गोली चलाई। बाइक चला रहे युवक ने काली शर्ट पहन रखी थी। बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही शमशाबाद थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। साथ ही संभावित भागने के रास्तों पर नाकेबंदी कर जांच की जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।